**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 24.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का कल आखिरी दिन, आज एनडीए और इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के नामांकन करने का सिलसिला जारी।**

2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– पहले चरण के मतदान के लिए वोटर स्लिप का 26 अक्टूबर से होगा वितरण।**

3. **झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम की सदस्यता समाप्त करने के स्पीकर न्यायाधिकरण के आदेश पर नहीं दी अंतरिम राहत।**

4. **चकवात दाना आज ओड़िशा और बंगाल के तट से टकरायेगा, झारखंड के कोल्हान समेत मध्य भाग खूंटी, रांची, रामगढ़ समेत कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी।**

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का कल आखिरी दिन है। इस क्रम में आज भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के कई दिग्गज प्रत्याशियों के नामांकन करने का सिलसिला जारी है। आज रांची विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल ने हटिया सीट से और इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने परचा दाखिल किया। गिरिडीह जिले की गांडेय विधान सभा सीट से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन, रांची विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी, लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव ने नामांकन किया। वहीं दूसरे चरण के लिए भी प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। इस चरण के लिए 29 अक्टूबर तक पर्चा भरा जा सकता है। गौरतलब है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरण में हो रहे हैं। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को है। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले एन.डी.ए. और इंडिया गठबंधन के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की घुसपैठ के लिए सोरेन सरकार जिम्मेदार है और यह चुनाव झारखंड को बचाने के लिए है।

हिमंता विस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी पर दलितों का अपमान करने का भी आरोप लगाया है।

वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनकी पार्टी के नेताओं को खरीद रही है और विकास के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है।

******************

चतरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन में पहुंचे बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप भी लगाया। श्री यादव ने दावा किया कि चतरा से राष्ट्रीय जनता दल विजयी होगा।

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने तीसरी सूची भी जारी कर दी है। इसमें पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गयी है। इनमें लोकसभा चुनाव में पार्टी के बागी रहे चमरा लिंडा को बिशुनपुर से टिकट दिया गया है। जिगा होरो को सिसई से, चक्रधरपुर से सुखराम उरांव को तो खूंटी से स्नेहलता कंडूलना को टिकट दिया गया है, जबकि गोमिया से योगेंद्र प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ममता देवी को इस बार भी पार्टी प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी को जनता का प्रचंड बहुमत मिलेगा।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए वोटर स्लिप का वितरण 26 अक्टूबर से शुरू होगा। मतदाताओं के घर–घर जाकर इस पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची से वोटरों को मतदान के दिन अपना सीरियल नंबर खोजने में आसानी होगी।

******************

आकाशवाणी प्रादेशिक समाचार एकांश रांची की ओर से आज रांची में विधानसभा चुनाव के सिलसिले में आदर्श आचार संहिता समेत अन्य बिंदुओं को लेकर सूचना भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी।

मौके पर आकाशवाणी रांची प्रमुख कृष्ण कुमार लाल, आकाशवाणी कार्यालय प्रमुख डीसी हेंब्रम, दूरदर्शन से दिवाकर कुमार, आकाशवाणी रांची के सहायक निदेशक जेवियर कंडूलन्ना, आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी पंकज मित्र, आकाशवाणी रांची की समाचार संपादक महविष रहमान और दूरदर्शन के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर थे।

******************

झारखंड हाई कोर्ट ने झामुमो से निष्कासित विधायक लोबिन हेम्ब्रम की सदस्यता समाप्त करने के स्पीकर न्यायाधिकरण के आदेश पर अंतरिम राहत नहीं दी है। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर विधानसभा स्पीकर के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया गया। खंडपीठ ने मामले की वृहत सुनवाई के लिए नवंबर माह निर्धारित की है। गौरतलब है कि विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने विधानसभा के स्पीकर न्यायाधिकरण की ओर से उनकी सदस्यता रद्द करने के फैसले को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नंबर **1 8 0 0 1 1 7 8 0 0** पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

******************

पाकुड़ जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के साथ–साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन महिलाओं के जरिये लोगों मे जागरूकता लाने का काम कर रहा है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

******************

पलामू जिले के मनातू प्रखंड के **उरुर जंगल** के पास एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार लोग बिहार के गया से पलामू के लेस्लीगंज बारात जा रहे थे। इसी क्रम में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और थाना शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

******************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात को लेकर राज्य में आज और कल कोल्हान क्षेत्र, खूंटी, रांची, बोकारो और धनबाद समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज दाना चक्रवात ओड़िशा और बंगाल के तट से टकरायेगा, जिसका व्यापक असर झारखंड के कई इलाकों में देखने को मिलेगा।

इस चक्रवात के कारण रेलवे ने मूरी के रास्ते चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

********समाप्त**************